दैनिक सायंकालीन

# कानून व्यवस्था

वर्षः 16 | अंकः 139 | E-mail : kvjpr1@gmail.com | जयपुर, (शुक्रवार) 05 दिसंबर, 2025 | RNI.No.RAJHIN/2010/33272 | मूल्य 1 रुपए | पृष्ठः 4


# भारत को बिना रुकावट तेल की सप्लाई जारी रहेगी पुतिन बोले

## 30 दिन का फ्री टूरिस्ट वीजा

### पीएम मोदी ने कहा- रूसी नागरिकों को मिलेगा फ्री ई-टूरिस्ट वीजा

कानून व्यवस्था


दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस ने भारत-रूस रिश्तों को एक नया मोड़ दे दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब रूसी नागरिकों को भारत आने के लिए 30 दिन का निशुल्क ई-टूरिस्ट वीजा दिया जाएगा। इसे दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी आवाजाही बढ़ाने और रिश्तों को और गहरा करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत और रूस के बीच कई अहम समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों देशों ने कोऑपरेशन और माइग्रेशन, अस्थायी श्रमिक गतिविधियों, हेल्थकेयर और मेडिकल एजुकेशन, फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड्स, पोलर शिप्स और मैरिटाइम कोऑपरेशन के साथ फर्टिलाइजर से जुड़े अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। 2030 तक




यह समझौते एक्टिव हो जाएंगे. इन समझौतों को दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को नई मजबूती देने वाला माना जा रहा है।

## मैंने 8 युद्ध रोके है अभी एक युद्ध और रोकूंगा


कानून व्यवस्था



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर युद्ध रोकने का राग अलापा है। उन्होंने कहा 'मैं दुनिया में शांति ला रहा हूं। हम पहले कभी नहीं हुए ऐसे युद्ध सुलझा रहे हैं। अब तक मैंने 8 युद्ध रोके हैं। मैं एक और युद्ध रोकने की कोशिश कर रहा हूं। अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक हुआ तो रूस-यूक्रेन युद्ध रुक जाएगा। पिछले हफ्ते 8 हजार सैनिक मारे गए हैं। ये जंग अब रुकनी चाहिए।'

## मुझे चिल्लाने के लिए नहीं चुना गयाः शशि थरूर

कानून व्यवस्था



विपक्ष के हंगामे की वजह से संसद में गतिरोध जारी है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा 'संसद में अपनी बात सुनाने के लिए हंगामा करने की जरूरत नहीं है। हो सकता है मेरी पार्टी में मेरी अकेले की ये सोच हो, लेकिन मुझे संसद में लोगों को रिप्रेजेंट करने के लिए चुना गया था। चिल्लाने या झगड़ा करने के लिए नहीं। मुझे उनके और देश के लिए बोलने के लिए भेजा गया था।'

## पान मसाला-सिगरेट पर नया टैक्स लगेगा, बिल हुआ पास

कानून व्यवस्था

लोकसभा में हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।



## लाखों रुपए का वेतन अधिकारियों को क्या जयपुर को बरबाद करने के लिए दिया जाता है

### क्या नगर निगम के अधिकारी ही सबसे बड़े अधिकारी है

### सैकड़ो शिकायत के बाद भी अधिकारी क्यों चुप है


कानून व्यवस्था



जयपुर नगर निगम के किशनपोल जोन ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण का आंकड़ा सबसे ज्यादा रखने की कसम खा रखी है। आश्चर्य की बात है कि राजस्थान सरकार के आला अधिकारी क्या जयपुर की स्थिति नहीं देख पा रहे हैं? जयपुर की खूबसूरती और पारंपरिक हवेलियों को तोड़कर उन्हें काम्प्लेक्स में ड्राइवर्ट होते देख रहे हैं। किशनपोल विधानसभा के विधायक को भी क्या इन सब बातों की जानकारी नहीं है। वे क्यों मोन स्वीकृति दे रहे हैं। वह क्यों नहीं इस पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। किशनपोल जोन में जिस प्रकार अवैध निर्माण की बाढ़ आ रही है उसमें लगता है की जयपुर की पुरातत्ववेत्ता और गुलाबी नगरी का ताज छिन जाएगा। इसमें अधिकारी वर्ग का सबसे बड़ा हाथ जौहरी बाजार में 2101 नंबर का आवासीय भवन को व्यवसायिक में कन्वर्ट हो गया। सरकारी जमीन पर कब्जा किया सैकड़ो शिकायत किशनपोल जोन में पहुंचने के बाद भी चुप क्यों है? क्या लाखों का वेतन जयपुर को बर्बाद करने के लिए दिया जा रहा है? जयपुर का स्वरूप किस प्रकार रोज बिगाड़ा जा रहा है। उस पर कोई अधिकारी बोलने वाला ही नहीं है। इसका मतलब यही है कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर लो कोई बोलने वाला नहीं 2101 प्लाट नंबर जौहरी बाजार के मालिकों ने यही तो किया...

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल की 7 दिन बढ़ाई कस्टडी

कानून व्यवस्था



दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष एनआईए कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की कस्टडी बढ़ा दी है. अनमोल बिश्नोई की एनआईए कस्टडी को 7 दिन के लिए बढ़ा दी गई है. हाई-प्रोफाइल और सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील मामला होने के कारण एनआईए जज खुद एनआईए मुख्यालय पहुंचे और वहीं पर बंद कमरे में सुनवाई की. था. भारत आने के बाद एनआईए ने उसे कड़ी सुरक्षा में हिरासत में लिया है और उससे कई गंभीर मामलों में पूछताछ जारी है. एनआईए ने अमेरिका से प्रत्यर्पण कर 19 नवंबर को भारत पहुंचते ही अनमोल बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया था.

## झालावाड़ में 125 करोड़ की 107 संपत्तियां जब्त की

कानून व्यवस्था

झालावाड़ में नशा तस्करों पर पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत 71 नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 125 करोड़ की 107 संपत्तियां



फ्रीज की है। इसमें पेट्रोल पंप, आलीशान मकान, कृषि भूमि, कॉमर्शियल प्लॉट और महंगी गाड़ियां शामिल है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में चलाए गए ÷ऑपरेशन दिव्य प्रहार÷ के तहत इन कार्रवाइयों को अंजाम दिया गया।

## पुतिन के डिनर के लिए खड़गे राहुल को न्योता नहीं थरूर को मिला न्योता

कानून व्यवस्था



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा आज खत्म हो रहा है। रूस रवाना होने से पहले राष्ट्रपति भवन में पुतिन के सम्मान में डिनर का आयोजन किया जा रहा है। खबर है कि शशि थरूर को इसके लिए न्योता भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सम्मान में आयोजित डिनर में आमंत्रित नहीं किया गया है।

## भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष हो सकते है सुधांशु त्रिवेदी

### सूत्रीय जानकारी के अनुसार जल्द हो सकता है भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधांशु त्रिवेदी का नाम घोषित



यद्यपि ये अधिकारिक न्यूज नहीं है।लेकिन समाचारों को बल मिल रहा है केंद्रीय रक्षा मंत्री व पूर्व गृह मंत्री राजनाथ सिंह जी के राजनीतिक सलाहकार, राज्य सभा के सदस्य, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, टीवी डिबेट के महारथी,प्रचंड विद्वान सुधांशु त्रिवेदी हो सकते हैं भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष... सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही महोदय के नाम पर भाजपा नेतृत्व... प्रदान कर सकता है अपनी स्वीकृति...

भाजपा के नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष हो सकते है सुधांशु त्रिवेदी

सूत्रीय जानकारी के अनुसार जल्द हो सकता है भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधांशु त्रिवेदी का नाम घोषित एजेंसी न्यूज़ ...केंद्रीय रक्षा मंत्री व पूर्व गृह मंत्री राजनाथ सिंह जी के राजनीतिक सलाहकार, राज्य सभा के सदस्य, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, टीवी डिबेट के महारथी,प्रचंड विद्वान सुधांशु त्रिवेदी हो सकते हैं भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष... सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही महोदय के नाम पर भाजपा नेतृत्व... प्रदान कर सकता है अपनी स्वीकृति...

## मैं आपको काटू और आप सबको काटो, ऐसे नहीं, साथ मिलकर काम करेंगे पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा ने कहा

### राजस्थान फर्स्ट, लास्ट और ऑलवेज...

कानून व्यवस्था

अजमेर में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा- यह नहीं कि मैं आपको काटू और आप सबको काटो, ऐसे नहीं, साथ



मिलकर काम करेंगे तो क्षेत्र और स्टेट आगे बढ़ेगा। आज तक मैंने यही कोशिश की है, सभी लोगों को इकठ्ठा रखना। सभी को जात-पात के अंदर नहीं बंटने देना। जितने लोगों के बीच में झगड़े-फसाद है, उन्हें कम करने की कोशिश करना। मेरी कोशिश यही रहेगी कि राजस्थान फर्स्ट, लास्ट और राजस्थान ऑलवेज...।

## डीजीसीए ने यू-टर्न लिया

### इंडिगो संकट के बीच क्रू के 'साप्ताहिक विश्राम' से जुड़े निर्देश वापस

कानून व्यवस्था

देशभर में लगातार 4 दिनों से सभी प्रमुख एयरपोर्ट पर अफरातफरी का माहौल है।नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानन क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए चालक दल के सदस्यों के लिए साप्ताहिक विश्राम से जुड़े अपने हालिया सख्त निर्देशों को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। डीजीसीए ने पहले निर्देश जारी किए थे कि क्रू सदस्यों को साप्ताहिक विश्राम के बदले कोई भी अवकाश नहीं दिया जाएगा। इस नियम का उद्देश्य पायलटों और केबिन क्रू की थकान को कम करना था, लेकिन एयरलाइनों का कहना था कि इससे रोस्टर प्रबंधन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और उड़ानों के संचालन में बाधा आ रही है।



## लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ने रेपो रेट घटाया

### होम लोन और कार लोन होंगे सस्ते, ईएमआई में मिलेगी राहत

कानून व्यवस्था



भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक में बड़ा फैसला लेते हुए रेपो रेट को 25 बेसिस पॉइंट घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया है.आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि यह कदम तुरंत प्रभाव से लागू होगा. इसके साथ ही एसटीएफ रेट को 5 प्रतिशत और एमएसएफ तथा बैंक रेट को 5.5 प्रतिशत पर समायोजित किया गया है. एमपीसी ने अपनी नीति में न्यूट्रल स्टांस बनाए रखने का निर्णय लिया है. गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय एक दुर्लभ 'गोल्डीलॉक्स' पीरियड में है. अक्टूबर 2025 में हेडलाइन महंगाई घटकर सिर्फ 0.3 प्रतिशत रह गई, जबकि पहली छमाही में औसत महंगाई 2.2 प्रतिशत रही. दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो छह तिमाही का उच्चतम स्तर है.

## 7 दिसंबर से ही होगी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा

कानून व्यवस्था


हाल ही में राजस्थान हाई कोर्ट की एकल पीठ ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा 2025 पर तत्काल




रोक लगाई थी और आरपीएससी को सिलेबस जारी करने का आदेश दिया था. लेकिन राजस्थान हाई कोर्ट के खंडपीठ में एकल पीठ के फैसले को चुनौती दी गई, जिसके बाद खंडपीठ ने परीक्षा पर लगी रोक को हटा दिया है.राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) ने स्पष्ट कर दिया है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज शिक्षा) भर्ती परीक्षा-2025 अपने निर्धारित कार्यक्रमानुसार 7 दिसंबर से ही होगी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के फैसले को रद्द कर दिया। सिंगल बेंच ने 3 दिसंबर को परीक्षा पर रोक लगाई थीदूसरी ओर परीक्षा के लिए पंजीकृत 92,600 अभ्यर्थियों के प्रवेश-पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं.

## एमएनआईटी में प्रस्तावित "Bharat Renewable E&po को लेकर संयुक्त अभिभावक संघ का तीखा विरोध

कानून व्यवस्था


Malaviya National Institute of Technology Jaipur
मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
Prof. Rohit Bhakar
Registrar
Date: 28 October 2025
To,
The Rajasthan Solar Association (RSA)
542-Mahima Trinity Mall, Swej Farm,
New Sanganer Road, Jaipur, Rajasthan
Subject: Confirmation of Collaboration and Venue for Bharat Renewable Expo – 2026
Respected Team RSA,
Greetings from Malaviya National Institute of Technology (MNIT) Jaipur.
This letter serves to formally confirm that Bharat Renewable Expo (BRE) 2026 is being organized at MNIT Jaipur in collaboration with the Rajasthan Solar Association (RSA) as the lead industry partner for the event.
MNIT Jaipur acknowledges and appreciates RSA's proactive leadership in conceptualizing and coordinating this premier industry-academia platform. The collaboration between MNIT and RSA aims to enable knowledge exchange, promote innovation, and accelerate the growth of the renewable energy sector in India, particularly in Rajasthan.
We are pleased to validate that the dates 16 – 18 January 2026 have been accorded for hosting "Bharat Renewable Expo 2026" at the MNIT Jaipur campus. MNIT Jaipur assures its full support to RSA in making this national-level expo a grand success.
We look forward to a highly impactful partnership and a landmark event that will contribute significantly to India's clean energy mission.
Warm regards,
(Authorized Signatory)
Registrar
Malaviya National Institute of Technology
Jaipur – 302017

**जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रशासन द्वारा जारी उस पत्र के बाद, जिसमें 16 से 18 जनवरी 2026 तक "Bharat Renewable E&po – 2026÷ के आयोजन की अनुमति दी गई है, संयुक्त अभिभावक संघ ने इस निर्णय पर गहरी आपत्ति दर्ज करते हुए इसे छात्रों की सुरक्षा, शैक्षणिक माहौल और बालिकाओं की सुरक्षा के साथ गंभीर समझौता बताया है। संयुक्त अभिभावक संघ ने स्पष्ट किया कि यह एक्सपो पूरी तरह से व्यावसायिक आयोजन है, जिसका आयोजन एक शुद्ध शैक्षणिक संस्थान परिसर में किया जाना न केवल नैतिक रूप से गलत है, बल्कि यह सीधे तौर पर छात्रों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाला है। हजारों बाहरी लोगों की एंट्री से बालिका छात्रावास की सुरक्षा पर सीधा खतरा MNIT के आसपास पहले से ही अत्यधिक ट्रैफिक दबाव, एक्सपो से स्थिति विस्फोटकआपातकालीन सेवाओं, एंबुलेंस व सुरक्षा वाहनों की आवाजाही बाधित होगी पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं परीक्षाओं और कक्षाओं के समय शैक्षणिक गतिविधियां बाधित होंगी वीवीआईपी रूट की संवेदनशीलता को भी नजरअंदाज किया गयासंयुक्त अभिभावक संघ ने इस गंभीर विषय पर एमएनआईटी के निदेशक, कुलसचिव सहित राजस्थान के राज्यपाल और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को औपचारिक रूप से पत्र लिखकर एक्सपो को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की है।

## चौमू में एसआईआर के 100त्न लक्ष्य पर एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ का डांस वीडियो वायरल

कानून व्यवस्था

**चौमू / जयपुर** -( निं. सं. )- भगवान सहाय यादव - चौमूं तहसील के स्थित चौमूं उपखंड में एसआईआर प्रक्रिया के 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा होने पर प्रशासन बीएलओ औरटीम में उत्साह का माहौल है। इसी खुशी में उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ का बीएलओ कर्मचारियों के साथ डांस करता वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जो देर शाम तक प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना रहा। कई दिनों से क्षेत्र में चल रहे सर्वे, अपडेट और सत्यापन कार्य के बाद चौमू ने एसआईआर के सभी मानकों पर शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। सफलता के बाद बीएलओ टीम और प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यालय परिसर में छोटा सा सेलिब्रेशन रखा, जहां एसडीएम राठौड़ भी उत्साह में झूमते नजर आए। टीम के सदस्यों का कहना है कि सर्वे कार्य के दौरान लगातार दबाव और फील्ड में दिनभर की मेहनत के बाद यह उपलब्धि उनके लिए गर्व का क्षण है। इस अवसर पर सभी बीएलओ कर्मचारियों का सम्मान किया गया और रात्री भोज का भी आयोजन रखा गया। स्थानीय स्तर पर चौमू ब्लॉक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'स्टार परफॉर्मर' की श्रेणी में भी सराहना मिल रही है। वायरल वीडियो के बाद पूरे उपखंड में जश्न जैसा माहौल है।

## मतदाता सूची अभियान में राजनैतिक दलों के साथ जसवंतपुरा में बैठक का आयोजन

कानून व्यवस्था



सादुलपुर (नेतराम मेहरा?)। निर्वाचन विभाग द्वारा जारी मतदाता सत्यापन गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में जिला कलेक्टर चूरू के निर्देशानुसार एसआईआर अभियान के तहत सादुलपुर विधानसभा के बूथ जसवंतपुरा में राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन किया गयामतदाता सूची सत्यापन अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी सुनिल बैरासर ने बताया कि जसवंतपुरा के भाग संख्या 226 में मृत, दोहरी प्रविष्टि, व स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के 47 मतदाताओं व भाग संख्या 227 में 95 मतदाताओं से संपर्क के बाद सत्यापन नहीं करवाया गया ग्राम पंचायत जसवंतपुरा के राजनैतिक दलों के साथ बैठक में सभी के साथ मतदाता सत्यापन से वंचित मतदाताओं की सूची का प्रकाशन के साथ सार्वजनिक स्थान पर चिपकाया गया वही बूथ लेवल अधिकारी देवेन्द्र काजला ने एसआईआर के सत्यापन अभियान के तहत आगामी नए नाम जुड़वाने व निवास स्थानांतरण के संबंध में फॉर्म की जानकारी दी गईइस अवसर पर जसवंतपुरा के सहायक बीएलओ रणवीर गोठवाल, नरेश डारा व राजनैतिक दल भाजपा पार्टी के बीएलए तेजपाल राठौड़ बलवान ढाका व कांग्रेस पार्टी के बीएलए मुरारीलाल शर्मा श्रीपाल डारा तनसुखराम पंघाल चेयरमैन भगवतीप्रसाद जांगिड़ सुभाष पूनिया उपस्थित रहें

## जालोर जिला ओलम्पिक संघ में सचिव पद को किया गया समाप्त

कानून व्यवस्था

**जालोर जिला** ओलम्पिक संघ मे बड़ा बदलाव वर्षों से चले आ रहे सचिव के पद को हमेशा के लिए तत्काल प्रभाव से विलोपित कर संविधान में आवश्यक संशोधन कर दिया गया है इसके पीछे की वजह है संघ के सचिव की कुछ विवादास्पद गतिविधियां 7 जालोर जिला ओलम्पिक संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरि राम विश्नोई ने जानकारी उपलब्ध करवाकर बताया कि जालोर जिला ओलम्पिक संघ के सचिव द्वारा विगत दिनों में अंतरराष्ट्रीय रेफरी एवं जज नियुक्त होने की जानकारी मीडिया को दिए जाने तथा भ्रांतिपूर्ण प्रमाण पत्र वायरल करने तथा सेक्रेटरी जनरल की बिना अनुमति के सचिव के पद नाम से समाचार पत्रों में न्यूज़ देने के दुराचरण कृत्य कारित करने एवं इस पद पर कार्यरत रहते हुए गैर ओलम्पिक खेलों के आयोजन में संलिप्त होने पर जालोर जिला ओलम्पिक संघ के संविधान में संशोधन कर हमेशा के लिए सचिव पद को तत्काल प्रभाव से विलोपित कर दिया गया है यह फैसला जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल लाल सिंह सांखला के द्वारा सक्षम आदेश जारी करने के बाद निर्णय लिया गया 7

## सामाजिक सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम ने बांटे 100 ऊनी जर्सी

### सामाजिक सहयोग की मिसाल- गरीब विद्यार्थियों को वितरित किए गए गर्म कपड़े



### सर्दी में गर्माहट की सौगात 100 विद्यार्थियों को बांटे ऊनी जर्सी

कानून व्यवस्था

**अजीम खान** हिंडौन/नगर परिषद हिंडौन सिटी स्थित खेड़लियान का पुरा सामाजिक सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम के तत्वाधान में महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, खेड़लियान का पुरा में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद गिरी फौजी बाबा ने की, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में रमेश ठेकेदार, सुरज्ञान, समाजसेवी हुकम सिंह एवं भरत गोगरिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों को ऊनी एवं गर्म कपड़े वितरित किए।विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश मीणा ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन कर रहे धर्मवीर गौतम ने बताया कि सामाजिक सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से इस बार विद्यालय के 100 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सी वितरित की गई, ताकि वे सर्दी के मौसम में सुरक्षित और सहज रह सकें।कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष रामवीर गौतम, पूरन ठेकेदार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एकता मंच पीलीबंगा द्वारा 250 बच्चों को स्वेटर वितरण

कानून व्यवस्था



**(डॉ पूनम प्रजापति भारतीय)** पीलीबंगा। एकता मंच पीलीबंगा द्वारा गुरुवार को प्रातः 10ः30 बजे पीएम श्री विद्यालय पीलीबंगा में सरकारी शहरी विद्यालयों के 250 बच्चों को जर्सी वितरित की गई। एकता मंच के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने बताया की किसी बच्चे के जन्मदिन पर उनके परिवार द्वारा हर वर्ष 4 दिसंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में गुप्त सहयोग किया जाता है। कार्यक्रम में एसबीओ रजनीश गोदारा , ,व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान जैन, शिक्षण समिति कोषाध्यक्ष रमन बाघला ,तरुण संघ महासचिव अनिल जिंदल, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नारायण दास बंसल, नवीन बांठिया,देवेंद्र सहित एकता मंच के सदस्य गण उपस्थित रहे। पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य राजीव गोदारा के सानिध्य में होने वाले इस कार्यक्रम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ,पीएम श्री विद्यालय ,महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल दुल्मानी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय धीरदेसर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पीलीबंगा ,राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लखुवाली के विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गई ।

## कार ने हवा में खाई तीन बार पलटी

कानून व्यवस्था



**प्रवीन कुमार/बयाना।** कस्बे के पंचायत समिति तिराहे पर गुरुवार दोपहर सड़क पर खड़ी कार से टकरा गई एक बेकाबू कार ने हलचल मचा दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ने हवा में उछलकर 3 बार पलटे खाए और पास खड़ी बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क पर खड़ी कार की वजह से यह हादसा हुआ। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग डरकर इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद भीड़ तेजी से जुट गई, जिससे स्टेट हाईवे पर लंबी वाहनों की लाइन लग गई। हालांकि, इस हादसे में कार सवार बृजेश तिवारी और बाइक चालक को गंभीर चोटें नहीं आई। मौके पर पुलिस तुरंत पहुंची और यातायात को सामान्य किया, साथ ही क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया।

## टाटा का नकली नमक पकड़ा जयपुर में

### टाटा का नकली नमक बरामद, तीन दुकानों पर कार्रवाई


कानून व्यवस्था



**मुकेश मिश्रा** विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में टाटा कंपनी के नाम पर बेचे जा रहे नकली नमक के बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ है। टाटा कंपनी के प्रतिनिधि की शिकायत पर विश्वकर्मा थाना पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली नमक बरामद किया है।जानकारी के अनुसार, विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के 17 नंबर इलाके में स्थित ड्क्य ट्रेडिंग कंपनी, गर्ग किराना स्टोर, और विशाल जनरल एंड फैंसी स्टोर पर कार्रवाई की गई। टाटा कंपनी के प्रतिनिधि के साथ सब-इंस्पेक्टर करिश्मा ने मिलकर इस संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया।पुलिस के अनुसार, ये सभी दुकानदार टाटा कंपनी के नाम का दुरुपयोग करते हुए नकली नमक बेचकर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे थे। कार्यवाही के दौरान मौके से टाटा नमक के नकली पैकेट जब्त किये गए है।

## आठवीं तक के बच्चों को स्वेटर की वितरित

काननू व्यवस्था



**ओमप्रकाश कारेल** तारानगर। तारानगर के निकटवर्ती गाँव रेड़ी की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूलाल बुनकर के नेतृत्व में विद्यालय स्टाफ ने आठवीं कक्षा तक के 62 बच्चों को स्वेटर वितरित की। इस मोके पर प्रदीप सिँह राठौड़, प्रेम कुमार गौड़, एडवोकेट मुकेश शर्मा, विक्रम सिँह राठौड़, अमृत सिँह, बंशीराम कस्वां, सुशील मेहड़ा, सत्यपाल सिँह, पूजा गहलोत सहित विद्यालय स्टाफ, बच्चे व ग्रामीण मौजूद रहे।

## राजकीय आईटीआई में अनुदेशकों की मनमानी के खिलाफ छात्रों का रोष

कानून व्यवस्था



**महावीर सुमन** बूँदी जिले के लाखेरी राजकीय आईटीआई में शुक्रवार सुबह अराजकता का माहौल देखने को मिला। छात्रों ने संस्थान के अनुदेशकों पर मनमानी और दोहरे मापदंड अपनाने का गंभीर आरोप लगाया है। विद्यार्थियों के अनुसार, संस्थान प्रबंधन ने आदेश जारी कर दिया है कि सुबह 10 बजे के बाद आने वाले किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं मिलेगा, जबकि कई बार अनुदेशक खुद निर्धारित समय से काफी देर बाद पहुंचते हैं। इस असमानता को लेकर छात्रों में भारी नाराज़गी है। सुबह गेट पर छात्रों की भीड़ तब और बढ़ गई जब मुख्य गेट पर ताला लगाकर दर्जनों विद्यार्थियों को अंदर जाने से रोक दिया गया। कक्षाओं में शामिल होने आए छात्रों ने कहा कि वे समय पर पहुंचे थे, लेकिन गेट बंद होने के कारण वे अंदर नहीं जा सके। छात्रों ने आरोप लगाया कि यदि समय पालन इतना ही ज़रूरी है तो पहले अनुदेशकों को समय का पालन करना चाहिए। ÷हम पढ़ने आते हैं, लेकिन यहां मनमानी नियम लागू किए जा रहे हैं,छात्रों ने कहा।विद्यार्थियों ने मांग की है कि संस्थान में समय पालन का नियम सभी पर समान रूप से लागू हो, प्रबंधन अनुदेशकों की उपस्थिति और समय का भी रिकॉर्ड सार्वजनिक करे, तथा छात्रों को मनमाने ढंग से गेट पर रोकने की व्यवस्था तुरंत बंद की जाए।

## अतिक्रमण हटाने गया नगर निगम लोगों ने किया विरोध राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज

कानून व्यवस्था



**हरमाड़ा** जयपुर नगर निगम की बेशकीमती जमीन पर वार्ड नंबर एक सनसिटी के बीच नराला कि ढाणी मैं स्थित जमीन पर करीब 5 साल से लोगों ने निर्माण कर अतिक्रमण कर रखा था जिसको लेकर लोग बार-बार नगर निगम को शिकायत दे रहे थे, इसी के चलते नगर निगम ने उच्च अधिकारियों के आदेश पर शुक्रवार को जमीन पर हो रहे अतिक्रमण हटाने के लिए निगम का दस्ता पहुंचा तो कुछ अतिक्रमण निगम ने हटाया इसके बाद धीरे-धीरे महिला पुरुष एकत्रित हो गए और नगर निगम अधिकारियों से उलझ पड़े इस बात को लेकर निगम ने उनसे कागजात मांगे तो उन्होंने नहीं दिखाये तो निगम कार्रवाई करने लगा तो लोगों ने वहां पर आग लगा दी और सरकारी कार्य में बाधा डाला इसको लेकर अधिकारियों ने हरमाड़ा थाने मे राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज करवाया है, वही शिकायत करने वाले रामस्वरूप कुमावत को अतिक्रमणकारी जान से मारने की धमकी दी जिसको लेकर कुमावत ने थाने में आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार नगर निगम दस्ता अतिक्रमण हटाने गया तो अतिक्रमणकारी हमसे उलझ पड़े और वहां पर आग लगा दी कुछ लोगों ने तो हमारे ऊपर पत्थर फेंकने की भी कोशिश की और गाड़ियों को तोड़ने की भी फिर हमने कंट्रोल रूम में सूचना ी

## संभागीय युवक -युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर रविवार को दौसा में होगा

कानून व्यवस्था

**दौसा-** राजस्थान प्रांतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सभा दौसा जिला कार्यकारिणी की बैठक में संभागीय स्तर का वैवाहिक योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन दौसा में करने का निर्णय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से लिया। राजस्थान प्रांतीय सभा के प्रदेश मंत्री मुकेश कुमार गौतम नारौली चौड़ ने बताया कि 28 दिसंबर को गुप्तेश्वर रोड स्थित सालासर पेरेडाइज में संभागीय स्तर का विवाह योग्य बालक बालिकाओं का परिचय सम्मेलन एवं दौसा जिला कार्यकारिणी एवं तहसील कार्यकारिणीयो का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा चांदराणा एवं दौसा जिला महिला अध्यक्ष ज्योतिबाला गौतम ने बताया कि समस्त तहसील कार्यकारिणी और जिला मुख्य कार्यकारिणी राजस्थान प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा बड़गांव, महामंत्री राजाराम शर्मा अजमेर, एवं प्रदेश मंत्री मुकेश कुमार गौतम नारौली चौड,के सानिध्य में शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात विवाह योग्य बालक बालिका अपना परिचय देंगे। करौली,टोंक,कोटा, बून्दी ,सवाई माधोपुर, दौसा , बिकानेर,जयपुर,सीकर, अजमेर, जोधपुर ,पाली, ब्यावर, किशनगढ़,आदि जिलों से भी गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के युवक युवतियां इस कार्यक्रम में भाग लेंगे

## जीएसटीए चुनाव को गैरकानूनी तरीके से रोकने पर शिक्षकों में भारी आक्रोश




**कानून व्यवस्था**

नई दिल्ली। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ जीएसटीए का चुनाव लोकतांत्रिक अध्यापक मंच टीम कृष्ण कुमार फौगाट के प्रयासों के फलस्वरुप 10 दिसंबर 2025 को निर्धारित किया गया था। पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से विभाग द्वारा संचालित की और पूरी की गई । रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी की गई सभी दिशा निर्देशों का पालन किया गया। पोलिंग स्टेशन बना दिए गए। आरओ तथा एआरओ की नियुक्ति कर दी गई थी। नामांकन करवाया गया,सिंबल दे दिए गये। केवल वोटिंग होनी बाकी थी। अचानक 1 दिसंबर को इस समूची प्रक्रिया को बिना किसी आधार के रोक दिया गया। इस पर लोकतांत्रिक अध्यापक मंच एवं संयुक्त एससी एसटी शिक्षक मंच टीम कृष्ण कुमार फौगाट ने संज्ञान लेते हुए अगले ही दिन अदालत में पुनर्विचार याचिका दायर की गई । बिना किसी उचित कारण के अचानक शिक्षक संघ का चुनाव रोक देने पर पूरी दिल्ली के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त हैं। इस आक्रोश का प्रदर्शन उत्तर पश्चिम जिले के उप शिक्षा निदेशक और दिल्ली शिक्षक चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के सम्मुख धरने में दिखाई पड़ा। इस सांकेतिक धरने का आयोजन लोकतांत्रिक अध्यापक मंच टीम कृष्ण कुमार फौगाट द्वारा आयोजित किया गया था । इसमें सैकड़ो की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक स्वर से यह मांग की कि चुनाव निर्धारित तिथि पर ही हो नहीं तो पूरी दिल्ली के शिक्षकों को बडे आंदोलन में उतरना पड़ेगा। आंदोलन में मंच के सभी सदस्य मौजूद थे

## बालिका स्कूल में विद्यार्थियों के आधार कार्ड बायोमेट्रिक अपडेट शिविर का आयोजन



**कानून व्यवस्था**

पीलीबंगा।राज्य सरकार के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट हेतु विशेष अभियान के तहत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया।विद्यालय की शिविर प्रभारी शिक्षा सहारण ने बताया कि यह अभियान स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार के सहयोग से छ्रद्धस्थ+ एप्लिकेशन के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक विद्यालय के विद्यार्थियों के आधार कार्ड में लंबित बायोमेट्रिक अपडेट की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। क्षेत्रीय कार्यालयों के सहयोग से विद्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट शीघ्र पूर्ण हो सकें।बताया कि बालिका विद्यालय में आयोजित शिविर में प्रधानाचार्य सुप्रीत कौर के निर्देशन में आधार ऑपरेटर सुरेश भार्गव द्वारा बच्चों के आधार अपडेट का कार्य किया गया।शुक्रवार शाम तक 70 बच्चों के आधार अपडेट हो चुके हैं और शेष बच्चों के आधार का अपडेट कार्य चरणबद्ध तरिके से प्रगति पर है।

## राजस्थान में लेगेसी वेस्ट प्रोसेसिंग में अनियमितताओं के आरोप मंत्री को शिकायत पत्र सौंपा

**कानून व्यवस्था**

**जयपुर / सुमित कुमार बैरवा ।।** राजस्थान के विभिन्न नगरीय निकायों में संचालित लेगेसी वेस्ट प्रोसेसिंग एवं बायो-रीमेडिएशन कार्य को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में एक विस्तृत शिकायत पत्र नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा को सौंपा गया, जिसके बाद मंत्री ने मामले की जांच के निर्देश जारी किए। शिकायत के अनुसार, कई निकायों द्वारा प्रस्तुत लेगेसी वेस्ट प्रोसेसिंग रिपोर्टों में वज़न में अंतर, डेटा में कमी, तथा मात्रा संबंधी जानकारी गायब होने जैसी विसंगतियाँ पाई गई हैं। आरोप है कि कुछ स्थानों पर प्रोसेसिंग का वास्तविक आंकलन किए बिना ही भुगतान प्रस्ताव तैयार किए गए, जिससे संदेह की स्थिति बनी हुई है। शिकायत पत्र विशेष रूप से छ्रस्क्ष के सचिव रवि जैन को संबोधित करते हुए उनसे तथ्यात्मक और पारदर्शी जांच की मांग करता है। पत्र में उल्लेख है कि अधिकांश नगर निकायों द्वारा प्रस्तुत डेटा का किसी प्रकार का क्रॉसङ्कवेरिफिकेशन नहीं किया गया, तथा रिपोर्टों में दर्शाई गई मात्रा और वास्तविक स्थिति में अंतर दिखाई देता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री ने अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए प्रत्येक निकाय की लेगेसी वेस्ट प्रोसेसिंग रिपोर्ट की स्वतंत्र व वैज्ञानिक पद्धति से पुष्टि की जाए वजन व मात्रा से संबंधित सभी रिकॉर्ड का पुनः मिलान किया जाए,और जिन स्थानों पर अनियमितता की आशंका हो, वहाँ स्थल निरीक्षण भी करवाया जाए

# जरूरतमंद बच्चों को किया सम्मानित

**काननू व्यवस्था**



**बेंगलूरू-** भगत सिंह युव गर्जने संघ कुरूबरहल्ली द्वारा आयोजित अणाम्मा देवी उत्सव में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए अन्नदान कार्यक्रम में सेवा प्रदान की. आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।

## , रजलानी में अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी रहा जारी,


**कानून व्यवस्था**



**भोपालगढ (सुनील पाड़ीवाल)।** क्षेत्र के रजलानी गांव में विभिन्न जनहित की मांगों को लेकर ग्राम प्रशासक पारस गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन में भोपालगढ़ प्रधान प्रतिनिधि व जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजेश जाखड़, ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक व युवा नेता शिवकरण सैनी व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रामचन्द्र जलवाणिया भी पहुंचे व धरने का समर्थन किया। आला अधिकारियों के रवैये को लेकर ग्रामीणों व महिलाओं ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। रजलानी ग्राम प्रशासक पारस गुर्जर ने बताया कि स्टेट हाईवे 145 से जुड़ी लंबित समस्याओं, सड़क, बिजली, पेयजल व विद्यालय में रिक्त पदों को भरने के लिए ग्रामीणों के साथ दिया जा रहा धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने के तीसरे दिन तक कोई आला अधिकारी के मौके पर नहीं पहुंचने पर रजलानी ग्राम प्रशासक पारस गुर्जर भड़क गए व कहा कि अगर हमारी सभी मांगे जल्द ही नहीं मानी जाती है तो हम स्टेट हाईवे 145 को जाम कर देंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर सैंकड़ों की तादाद में महिलाएं व पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे।

## शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने दी आमजन को विकास कार्यो की सौगात

**कानून व्यवस्था**



निवाई । ( विनोद सांखला ) शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार 4 दिसम्बर को जिला मुख्यालय टोंक के कृषि ऑडिटोरियम में आयोजित ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यशाला के दौरान पंचायतीराज विभाग द्वारा जिले में 12 करोड़ रुपये से अधिक राशि के कुल 168 कार्यो का बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास कर आमजन को विकास की सौगात दी।इस दौरान मदन दिलावर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मिशन के रुप स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी। दिलावर ने स्वच्छता पर जोर देते हुए पॉलिथीन के उपयोग को मानव जीवन के लिए खतरा बताया। साथ ही इसके दुष्प्रभावों से बचने की सलाह दी।दिलावर ने कहा कि स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत से ही हम आर्थिक महाशक्ति बन सकते है। उन्होंने स्वदेशी सामानों को खरीदने पर जोर देते हुए कहा कि इसमें हमारे देश के कामगारों के मेहनत का पसीना होता है। साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ते है। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल ने अपने पांच साल के कार्यकाल के विकास कार्यो के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिले के विकास का हर संभव प्रयास किया है।

## नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष निंबाडा का किया स्वागत

**कानून व्यवस्था**



**राकेश कुमार लखारा**पाली जिले के दुजाना ग्राम में मुख्य बस स्टैंड पर शुक्रवार को किसान कांग्रेस जिला संयोजक शंकर लाल माली के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों ने नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री शिशुपाल सिंह राजपुरोहित निंबाड़ा का ढोल थाली व माला साफा पहना कर स्वागत किया गया । इस मौके पर ग्राम सेवा सहकारी समिति - दुजाना के अध्यक्ष कांतिलाल राजपुरोहित, पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि गुणराज मीणा, ब्लॉक कांग्रेस सचिव डायाराम मीणा, पूर्व सरपंच मूल शंकर ओझा, हरि सिंह राजपुरोहित, भंवरलाल माली, अमृतलाल व्यास, आदि उपस्थित रहें । शिशुपाल सिंह निम्बाडा द्वारा दिव्यांग मोहन कालबेलिया को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा भी दिलाया गया । श्री शिशुपाल सिंह निम्बाडा के कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने पर संपूर्ण सुमेरपुर विधानसभा सहित संपूर्ण पाली जिले में खुशी का महौल हैं। हाथ से हाथ मिलाकर कांग्रेस के ÷ हाथ ÷ को मजबूत करो की मुहिम पर निंबाडा अपनी राह पर निकल चुके हैं ।

# नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष निंबाडा का किया स्वागत

**कानून व्यवस्था**



**राकेश कुमार लखारा** पाली जिले के दुजाना ग्राम में मुख्य बस स्टैंड पर शुक्रवार को किसान कांग्रेस जिला संयोजक शंकर लाल माली के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों ने नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री शिशुपाल सिंह राजपुरोहित निंबाड़ा का ढोल थाली व माला साफा पहना कर स्वागत किया गया । इस मौके पर ग्राम सेवा सहकारी समिति - दुजाना के अध्यक्ष कांतिलाल राजपुरोहित, पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि गुणराज मीणा, ब्लॉक कांग्रेस सचिव डायाराम मीणा, पूर्व सरपंच मूल शंकर ओझा, हरि सिंह राजपुरोहित, भंवरलाल माली, अमृतलाल व्यास, आदि उपस्थित रहें । शिशुपाल सिंह निम्बाडा द्वारा दिव्यांग मोहन कालबेलिया को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा भी दिलाया गया । श्री शिशुपाल सिंह निम्बाडा के कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने पर संपूर्ण सुमेरपुर विधानसभा सहित संपूर्ण पाली जिले में खुशी का महौल हैं। हाथ से हाथ मिलाकर कांग्रेस के ÷ हाथ ÷ को मजबूत करो की मुहिम पर निंबाडा अपनी राह पर निकल चुके हैं ।

## एसबीआई सुभाष बाजार टोंक द्वारा 10 एवं 20 के नए नोटों का वितरण

**कानून व्यवस्था**



**निवाई ।** आरबीआई के निर्देशों की अनुपालना में एसबीआई सुभाष बाजार टोंक शाखा के द्वारा दिनांक 4 दिसंबर गुरुवार को 10 एवं 20 रुपए के नए नोटों का वितरण आमजन को किया गया । नए नोटों को लेने के लिए सुबह 11ः00 से 3ः00 बजे तक शाखा के बाहर लोगों की लंबी कतार लगी रही । शाखा द्वारा लगभग 800 लोगों को नए नोटों का वितरण किया गया नए नोटों को पाकर लोगों में खुशी का माहौल बन गया तथा सुभाष बाजार शाखा प्रबंधक ऋ्तुराज जारवल को इस नई पहल के लिए नए नोट प्राप्त करने वाले लोगों द्वारा धन्यवाद आभार प्रकट किया ।

## अभिभाषक संघ की बैठक आयोजित

**काननू व्यवस्था**

**तारानगर। तारानगर** के न्यायालय परिसर में शुक्रवार को सीनियर अभिवक्ता लक्ष्मीनारायण सहारण की अध्यक्षता में तारानगर अभिभाषक संघ की बुलाई आयोजित की गयी जिसमें अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी वर्ष 2026 का चुनाव करवाने के लिए एडवोकेट पवन कुमार योगी को मुख्य चुनाव अधिकारी, एडवोकेट सूर्य प्रकाश सहारण को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

## एबीवीपी इकाई अध्यक्ष सचिन स्वामी व इकाई सचिव विकास रूण्डला बने

**कानून व्यवस्था**



**विजयपाल सैनी शाहपुरा न्यूज** - अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर ग्रामीण ने बाबा नारायण दास राजकीय कला महाविद्यालय के एबीवीपी इकाई अध्यक्ष सचिन स्वामी व इकाई सचिव विकास रूण्डला को नियुक्त किया है। एबीवीपी भाग संयोजक शाहपुरा घनश्याम गठाला व नगर मंत्री सोनू कुमार का प्रवास रहा जिसमें निम्न दायित्व की घोषणा हुई। इकाई अध्यक्ष सचिन स्वामी, इकाई उपाध्यक्ष अजय सायर, आयुष शर्मा, विक्रम मीणा, इकाई सचिव विकास रूंडला, सह सचिव रवि सचिन गुर्जर, रजनीश स्वामी, एनसीसी प्रमुख सचिन योगी, एनसीसी सह प्रमुख कृष्ण प्‌जापत, एनएसनस प्रमुख राहुल ढीलाण,राष्ट्रीय कला मंच संयोजक कृष्ण प्रजापत, सोशल मीडिया संयोजक शुभम चौधरी, राष्ट्रीय कला मंच सहसंयोजक मनीष शेखावत, छात्रावास संयोजक राधे वर्मा, एसएफडी आयाम प्रमुख जितेश शर्मा, अंकित सैनी,आयाम सहप्रमुख सचिन सराधना, राष्ट्रीय कला मंच सहसंयोजक भरत मावलिया परिषद के निम्न दायित्व की घोषणा हुई। परिषद के कार्यकर्ताओं ने पूर्व में एवं आगामी कार्यक्रम की चर्चा की।

# आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल चाकसू में समर्पण ध्यान योग की कार्यशाला रखी

**कानून व्यवस्था**



चाकसू (लोकेश कुमार गुप्ता )आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल चाकसू में समर्पण ध्यान योग की 45 मिनट की कार्यशाला रखी गई। इसमें कुल 324 छात्रो ने हिस्सा लिया।छात्रों को ध्यान के लाभ बताए। प्रतियोगी परीक्षाओं में ध्यान का महत्व बताया गया। ध्यान से याददाश्त बढ़ाने एवं मन की एकाग्रता बढ़ाने का फ़ायदा भी बताया। आत्मविश्वास बढ़ाने, डर की भावना को भगाने के बारे में बताया। ।भगवान महावीर स्वामी, गौतम बुद्ध और स्वामी विवेकानंदजी ने कैसे अपना जीवन ध्यान करके जनकल्याण में बिताया, यह भी बताया।वर्तमान समय में भारत के प्रधानमंत्री जी भी योग के बारे में कितना महत्व देते है, स्वयं भी ध्यान एवं योग करके कैसे देश का संचालन कर रहे है। समर्पण ध्यान योग संस्था 70 देशों में निःशुल्क ध्यान योग 30 वर्षो से करवा रही है।विश्व ध्यान दिवस 21 दिसम्बर को पूरे देश में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रिंसिपल सुमेर सिंह एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।अंत में 5 मिनट ध्यान करवाया गया।छात्रो द्वारा रोज़ाना 5 मिनट सुबह और शाम को ध्यान करने का वादा किया गया।

# दो दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का समापन

**कानून व्यवस्था**




सूरतगढ़। स्वर्गीय श्री गुरुशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय, सूरतगढ़ में आयोजित दो दिवसीय स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप का आज सफल समापन हुआ। यह वर्कशॉप प्रतिष्ठित कला विशेषज्ञ अंजू जैन के मार्गदर्शन में संचालित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन दिवस पर ÷नशा = एक सामाजिक बुराई÷ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खुशबू चौधरी ने प्रथम स्थान,रेणुका ने द्वितीय स्थान तथा आयुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया तथा वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक समिति तथा नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.अंतर्यामी कौशिक ने कौशल विकास की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निरंतर सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंजू जैन, डॉ.अंतर्यामी कौशिक, और विनोद गोदारा शामिल रहे।

# सिकराय के राजनैतिक दलो के ब्लांक अध्यक्ष मंडल अध्यक्षो की बैठक आयोजित की गई सिकराय

**काननू व्यवस्था**



विधानसभा क्षेत्र सिकराय के राजनैतिक दलो के ब्लांक अध्यक्ष मंडल अध्यक्षों व पदाधिकारियो की बेठक शुक्रवार को ईआर ओ व एसडीएम डा नवनीत कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित की गई जिसमे राजनेतिक दलो के प्रीतनिधियो को एएसडी वोटर के बारे में बताया गया उनकेबीएल व बीएलओ के साझा बेठक कर सूची का अवलोकन करने एवं प्राप्त करने हेतुअवगत कराया गया बेठक में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो द्वारा एसआईआर कार्य समय से पूर्व पूर्ण करने एवं बेहतर मेपिंग कार्य के लिए ईआरओ को घन्यवाद दिया गया बेठक में ईआरओ द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिकराय के 99 .50 प्रतिशत मतदाताओ की मेपिग कियेजाने बाबत अवगत कराया गया अबतक ईएसडी में चिनित्त किए गए मतदाताओ की जानकारी दीगई बेठक में एसएसडी अर्थात.अपात्र मतदाता का नाम मतदाता मेंनही रखने ओर पात्र मतदाता का नाम नही छुटने के सम्बन्ध मे अवगत कराया गया इस अवसरपर बेठक में ईआरओ सिकराय नवनीतकुमार तहसीलदार हेमेन्द्रमीना टीकाराम आरटीएस चुनावशाखाप्रभारी मनोहरलालमीणा साहित राजनेतिक दलो के ब्लांक अध्यक्ष मंडलअध्यक्ष मोजूद थे

# नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने ली समीक्षा बैठक




**कानून व्यवस्था**

**जयपुर** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय पर सभी जोन एवं मुख्यालय उपायुक्तों, ङ्गश्वह्, ऋह्. सहित अन्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। दो घंटे से भी अधिक चली इस मैराथन बैठक में एजेण्डावार संबंधित अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 के फालोअप कैम्प (दिनांक 17 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025) प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियों की समीक्षा, नगरीय विकास कर, संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, लोकायुक्त सचिवालय, मानवाधिकार आयोग एवं कॉल सेन्टर पर प्राप्त समस्त प्रकार की लंबित शिकायतें, स्वच्छता/सफाई जैसे कई बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।आयुक्त ने आगामी 17 दिसम्बर से आयोजित किये जाने वाले सात दिवसीय शहरी समस्या समाधान शिविर से संबंधित सभी तैयारियों को पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि शिविर में आने वाले आम जन को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसलिए सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं जैसे पानी, बैठने की उचित व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की जायें। आमजन से प्राप्त सभी समस्याओं त्वरित एवं प्रभावित निस्तारण किया जावे। शिविरों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ प्राप्त होने वाले सभी नये आवेदनों का निस्तारण मौके पर ही किया जाना सुनिश्चित किया जाये

# रतन टाटा की सौतेली मां सिमोन का 95 साल की उम्र में निधन

**कानून व्यवस्था**



**रतन टाटा** की सौतेली मां सिमोन टाटा का 95 साल की उम्र में मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में निधन हो गया, सिमोन टाटा ने लैक्मे को भारत के शीर्ष फैशन ब्रांड में बदलने और टाटा ट्रेंट/वेस्टसाइड की स्थापना में बड़ी भूमिका निभाई, उन्होंने परोपकारी कार्यों में भी योगदान दिया और उनका अंतिम संस्कार कोलाबा के कैथेड्रल ऑफ द होली नेम चर्च में किया ।

# डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस भर्ती तैयारियों की समीक्षा की

**कानून व्यवस्था**

**कानून व्यवस्था**



**जयपुर,** राजस्थान पुलिस की भर्ती प्रक्रिया को लेकर पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े सभी जिलों के अधिकारियों से की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ली और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित होनी चाहिए।डीजीपी श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को भर्ती से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की पहले से ही उचित ब्रीफिंग दी जाए, ताकि किसी तरह की भ्रम की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि भर्ती के दौरान मेडिकल टीम की आवष्यक उपकरणों व दवाईयों के साथ मौके पर मौजूदगी सुनिश्चित की जाए, जिससे भर्ती के दौरान किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति का तत्काल उपचार हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महिला उम्मीदवारों की सुविधा के लिए महिला चिकित्सक भी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेउन्होंने अधिकारियों से कहा कि व्यवस्था ऐसी हो जिससे अभ्यर्थियों को सहज और सुरक्षित माहौल मिले तथा भर्ती प्रक्रिया की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनी रहे।पुलिस मुख्यालय के वीसी हॉल में आयोजित इस वीसी में एडीजी (भर्ती) विपीन पांडे, एडीजी रूपिंदर सिंह, आईजी एस परिमला, आईजी प्रफुल्ल कुमार, एसपी आसूचना सतवीर सिंह, एसपी शांतनु कुमार सिंह आदि अधिकारी मौजूद थे वहीं जिलों के अधिकारी ऑनलाइन जुड़े रहे

# सिंचाई के लिए कमांड के 24गांवों के किसानों को उर्वरक की जरूरत

**कानून व्यवस्था**



जवाई कमांड एरिया के 24राजस्व गांवों में मंगलवार से जवाई नहर की दूसरी पाण की सिंचाई शुरू हो गई हैं, बुवाई करने वाले कई जागरूक किसानों ने जवाई नहर की दूसरी पाण से पहले आवश्यकता अनुसार यूरिया ले लिया था । जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में किसान संबंधित सहकारी समितियों में यूरिया आपूर्ति नहीं होने से वंचित रह गये।वें रोज गांवों की सहकारी समितियों के चक्कर काटकर यूरिया की सप्लाई आने का इंतजार कर रहे हैं ,वहीं नहरी कमांड क्षेत्र के गांवों में इन दिनों यूरिया की बढ़ी डिमांड देखी जा सकती हैं, वहीं भूती, रोडला,चांदराई सहकारी समिति के क्षेत्र के गांवों के किसान खाली पड़े यूरिया गोदामों को देखकर मायूस होकर पुनः वापस अपने खेतों में पहुंच जाते हैं किसानों को कहना कि जब किसानों को समय पर यूरिया की आपूर्ति नहीं हो रही हैं तो किसानों को समय पर आपूर्ति नहीं होने से किसानों को इंतजार कर वापस जाना पड़ता हैं, वहीं भूती सहकारी समिति द्वारा यूरिया 300मीट्रिक टन व चान्दराई समिति द्वारा यूरिया 200 मीट्रिक टन की डिमांड की गई है

# जयपुर पुलिस का वांछित,हार्डकोर एवं संदिग्ध बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई के लिए 15 दिवसीय विशेष अभियान

**कानून व्यवस्था**

**जयपुर** पुलिस आयुक्त श्री सचिन मित्तल ने बताया कि आयुक्तालय के चारों जिलों के सभी थाना क्षेत्रों में वांछित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया।पुलिस आयुक्त श्री सचिन मित्तल ने बताया कि पुलिस का ध्येय आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो एवं उन्हें त्वरित न्याय मिल सके, इसके लिए जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत् है। उन्होंने बताया कि जयपुर पुलिस द्वारा आयुक्तालय के सभी थाना क्षेत्रों में वांछित एवं सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ एवं कार्रवाई के लिए 20 नवंबर से 4 दिसंबर तक अभियान चलाया गया ताकि शहर में बेहतर कानून एवं शांति व्यवस्था एवं आमजन में विश्वास बना रहे हैं आयुक्तालय के सभी थाना क्षेत्रों में अपराधियों के खिलाफ अभियान में 2 उदघोषित अपराधी, 515 स्थाई वारंटी, 26 ईनामी अपराधी, 335बीएनएसएस (299 सीआरपीसी) में पेंडिंग प्रकरण 14 साथ ही 193(9) बीएनएसएस 173(8) सीआरपीसी में पेंडिंग प्रकरण 12 एवं मुकदमो में वांछित अपराधी 152 के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया।पुलिस आयुक्त श्री मित्तल ने बताया की इस अभियान तहत वांछित एवं सक्रिय अपराधियों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया एवं उनके खिलाफ विधि एवं न्याय अनुसार अग्रिम कार्रवाई की गई।


# भोमियाजी महाराज सेवा समिति का भव्य जागरण व विशाल भंडारा 7 दिसंबर को

**कानून व्यवस्था**

**भोमियाजी** महाराज सेवा समिति व सभी ग्राम वासियों के सहयोग से सर्व सिद्ध भोमिया जी महाराज का भव्य जागरण व विशाल भंडारा 7 दिसंबर, रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है, भोमियाजी महाराज की विशेष मान्यता ग्राम हाज्या का बास, प्रेमपुरा, महेश्वरा,रामबास, पुरोहितो का बास, दिलावरपुरा,दौसा के साथ क्षेत्रीय आम भक्तगणों की विशेष मान्यता है, विशेष कर सिर्रा गोत्र का कुलदेवता है, हर वर्ष दशहरा पर मंदिर पर पैदल यात्राएं आती है, और साल में दशहरा, होली व पीपल पूर्णिमा को मेले का आयोजन किया जाता है, सभी भक्तगण अपनी इच्छा पूर्ति के लिए मन्नत मांगते हैं, और भक्तों की इच्छाएं पूर्ण होती है उनकी इच्छाएं पूर्ण होने के बाद में भक्त लोग यहां पर स्वामिनी करते हैं, भक्तगण रामावतार मीना ने बताया कि मंदिर के बगल में एक बहुत पुरानी बावड़ी है जो सैकड़ो साल पुरानी है, और मंदिर का परिसर एकदम स्वच्छ आलीशान व भव्य है मंदिर काफी पुराना है कई सैकड़ो साल पुराना है अभी मंदिर का नवनिर्माण करके नया मंदिर बनवाया है इसके उपलक्ष्य में 7 तारीख को विशाल भंडारा आयोजन किया जा रहा है।

# नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा 11 केन्टर सामान जब्त

**कानून व्यवस्था**



**जयपुर,** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में अजमेरी गेट, एस.एम.एस. नारायण सिंह सर्किल, गांधी नगर, दुर्गापुरा, शिवानन्द मार्ग मालवीय नगर, बीटु बाईपास, द्वारका अपार्टमेन्ट, शिप्रापथ मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के आस-पास, बड़ी चौपड़, हवामहल रोड, चांदी की टकसाल, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, रामगंज बाजार, रामगंज, कुंडा, मानबाग चौराहा, दिल्ली रोड स्थित हनुमान मंदिर, श्मशान घाट के पास गली नंबर 3, सूरजपोल बाजार, शास्त्री नगर, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़ और कांति नगर आदि स्थलों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 1 लाख 13 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 11 केन्टर सामान जब्त किया गया।उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस पर विशेष आलेख

## जाने- डॉ. बी.आर. अंबेडकर की मृत्यु दिवस या पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में क्यों और कैसे मनाते है ?

## महापरिनिर्वाण शब्द का क्या अर्थ है और यह शब्द कहाँ से आया ?

**कानून व्यवस्था**

लेखक- मदन मोहन भास्कर



संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर का दिल्ली में 6 दिसंबर 1956 को देहावसान हुआ था। उनकी पुण्यतिथि या मृत्यु दिन को को देश भर में महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिक व्यक्ति थे। डॉ. अम्बेडकर ने जवाहरलाल नेहरू की पहली कैबिनेट में कानून और न्याय मंत्री का पद भी संभाला और हिंदू धर्म त्यागने के बाद दलित बौद्ध आंदोलन के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य किया और अपना पूरा जीवन जातिवाद को खत्म करने और गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए लगा दिया था।

**महापरिनिर्वाण क्या अर्थ है और यह शब्द कहा से आया ?**

महापरिनिर्वाण शब्द बौद्ध साहित्य महापरिनिवार सुत्त से लिया गया है। महापरिनिर्वाण का मतलब है, मुक्ति या अंतिम मृत्यु। महापरिनिर्वाण का अर्थ है कोई ऐसा व्यक्ति जिसने अपने जीवनकाल में और मृत्यु के बाद निर्वाण या स्वतंत्रता प्राप्त कर ली हो। संस्कृत में, परिनिर्वाण का अर्थ है- मृत्यु के बाद निर्वाण प्राप्त करना, यानी मृत्यु के बाद आत्मा का शरीर से मुक्त होना। पाली में, इसे परिनिब्बान के रूप में लिखा जाता है, जिसका अर्थ है निर्वाण की प्राप्ति। यह एक संस्कृत शब्द है और बौद्ध धर्म के प्रमुख सिद्धांतों में से एक है, बौद्ध धर्म के मुताबिक, जो व्यक्ति निर्वाण प्राप्त करता है, वह सांसारिक इच्छाओं और जीवन की पीड़ा से मुक्त हो जाता है। साथ ही, वह जीवन चक्र से भी मुक्त हो जाता है और बार-बार जन्म नहीं लेता। बौद्ध धर्म में निर्वाण उस अलौकिक ज्ञान और शांति को कहते हैं जिसे पाना सर्वोत्तम धार्मिक लक्ष्य माना जाता है। निर्वाण प्राप्त करने के बाद, व्यक्ति के कोई भी कर्म शेष नहीं रहते।

**डॉ. अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस क्यों और कैसे से मनाया जाता है ?**

हर साल महापरिनिर्वाण दिवस पर लोग दादर में चैत्य भूमि पर बड़ी संख्या में एकत्र होते हैं। वे बौद्ध गुरु और समाज सुधारक के रूप में उनकी शिक्षाओं को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। महापरिनिर्वाण दिवस के दिन लोग डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ाते हैं। दीपक व मोमबत्तियां जलाकर और जय भीम का नारा लगाकर श्रद्धांजलि देते हैं। कई जगहों पर उनकी याद में विभिन्न तरीकों से अनेक कार्यक्रम होते हैं। डॉ. अम्बेडकर के विचारों की याद करने के अलावा उनकी संघर्ष गाथा भी बताई जाती है। बौद्ध ग्रंथ महापरिनिवाण सुत्त के अनुसार, 80 वर्ष की आयु में भगवान बुद्ध की मृत्यु को प्रारंभिक महापरिनिर्वाण माना जाता है। डॉ. अंबेडकर ने बौद्ध धर्म का पालन किया। उन्होंने घोषणा की कि मैं हिंदू के रूप में नहीं मरूंगा और बौद्ध धर्म अपनाने के दो महीने से भी कम समय बाद 6 दिसंबर, 1956 को उनका निधन हो गया। डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में जाना जाता है क्योंकि वे एक सम्मानित बौद्ध नेता के रूप में जाने जाते हैं। इस प्रकार, ऐसा कहा जाता है कि 6 दिसंबर को समाज में बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर के अतुल्य योगदान का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है।

**जाने क्या था डॉ. अंबेडकर का असल नाम ?**

डॉ. अंबेडकर के पिताजी का नाम रामजी मालोजी सकपाक था और माताजी का नाम भीमबाई था। डॉ. अंबेडकर का नाम भीमराव अंबेडकर माता-पिता और गाँव के नाम पर पड़ा। क्योंकि गाँव का नाम आम्बेडकर था। डॉ. अंबेडकर का सही नाम अंबेवाडेकर था। यही नाम उनके पिता ने स्कूल में दर्ज भी कराया था। लेकिन उनके एक अध्यापक ने उनका नाम बदलकर अंबेडकर रख दिया। इस तरह विद्यालय रिकॉर्ड में उनका नाम अंबेडकर दर्ज हुआ। डॉ. भीमराव अंबेडकर सूबेदार रामजी शकपाल एवं भीमाबाई की चौदहवों संतान के रूप में हुआ था। उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। उनकी यही अद्वितीय प्रतिभा अनुकरणीय है। डॉ अम्बेडकर विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण कामना में उत्सर्ग कर दिया। भारत के दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अंबेडकर का जीवन संकल्प था।

**डॉ. अम्बेडकर और भारतीय समाज में उनका योगदान**

14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक दलित परिवार में जन्मे डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर को अछूत होने के कारण बहुत उत्पीड़न का सामना करना पड़ा और उन्हें सामाजिक-आर्थिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। हालाँकि दलितों को स्कूल जाने की अनुमति थी, लेकिन अंबेडकर और अन्य अछूत बच्चों को अन्य बच्चों से अलग बिठाया जाता था और शिक्षकों द्वारा उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। उन्हें न तो कक्षा के अंदर बैठने की अनुमति थी और न ही कक्षा में रखे बर्तन से पानी छूने या पीने की। ऊँची जाति का एक व्यक्ति ऊँचाई से पानी डालता था। आमतौर पर स्कूल का चपरासी युवा डॉ. अंबेडकर को पानी पिला देता था, लेकिन अगर वह मौजूद नहीं होता, तो डॉ. अंबेडकर को बिना पानी के रहना पड़ता था। उन्हें एक बोरी या दरी पर बैठना पड़ता था, जिसे उन्हें हर दिन अपने साथ घर से लाना पड़ता था। इन सभी घटनाओं और कई अन्य अपमानजनक घटनाओं ने डॉ. अंबेडकर के दिमाग पर गहरा असर डाला था। बचपन में डॉ. अम्बेडकर होनहार और प्रतिभाशाली छात्र थे और परीक्षा पास करने वाले तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले एकमात्र छात्र थे। मैट्रिकुलेशन के बाद उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय के अंतर्गत एलफिंस्टन कॉलेज में दाखिला लिया, कोलंबिया विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर किया और फिर लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से बार कोर्स पूरा किया। बाद में डॉ. अंबेडकर भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए और एक क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, विचारक और राजनीतिज्ञ के रूप में अपनी पहचान बनाई, जिनके तरकश में कई तीर थे। डॉ. अम्बेडकर ने जवाहरलाल नेहरू और गांधी के साथ मिलकर समाज के गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, उन्होंने दलित बौद्ध अभियान का नेतृत्व किया और उनके समान अधिकारों और बेहतरी के लिए लगातार काम किया।

**भारत के विकास में डॉ. बी.आर. अंबेडकर का योगदान**

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वंचितों को सशक्त बनाने, उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने और उनकी चिंताओं को आवाज़ देने के लिए जाने जाते हैं। देश के विकास में डॉ. अम्बेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है। अस्पृश्यता के खिलाफ डॉ. बीआर अंबेडकर की लड़ाई भारत के लिए उनका सबसे बड़ा योगदान है। छुआछूत का बीज डॉ. अम्बेडकर के अंदर तब बोया गया जब उन्होंने स्कूल के दिनों में दलित होने के कारण भेदभाव का सामना किया, अछूतों को शिक्षित करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के प्रयास में अम्बेडकर ने 1924 में मुंबई में बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की डॉ. अम्बेडकर ने यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ाई लड़ी कि दलितों को भी उच्च जातियों के समान जल आपूर्ति प्राप्त हो सके, 25 सितंबर 1932 को डॉ. अंबेडकर ने दलित वर्गों के लिए विधानमंडल में आरक्षित सीटें देने के लिए पूना समझौते पर हस्ताक्षर किए और उन्हें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति नाम दिया, डॉ. अम्बेडकर हिंदू जाति व्यवस्था से घृणा करते थे और अपनी पुस्तक एनिहिलेशन ऑफ कास्ट में इसके खिलाफ कठोर लेख लिखे थे, डॉ. अम्बेडकर ने जीवन भर अस्पृश्यता प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी। भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न, 1990 में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर को मरणोपरांत दिया गया था। महाराष्ट्र सरकार ने संविधान के प्रमुख निर्माता की 67वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर घोषणा की कि मुंबई में इंदु मिल संपत्ति में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को समर्पित विश्व स्तरीय स्मारक का निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक दीपक शर्मा के लिए महारानी प्रिन्टर्स, प्लांट नं.17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड जयपुर, (राज.)से मुद्रित तथा 3935, दीपकुंज, दीनानाथजी की गली, नॉ ग्रह मंदिर के पास जयपुर (राज.) से प्रकाशित
सम्पादक दीपक शर्मा, मो. 9352779494 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ) पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार।